
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# रोजगार के साथ ही स्वरोजगार पर है विशेष ध्यानः मुख्यमंत्री

**शुभारम्भ**

## एक दिवसीय राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को महराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में लोक योजना अभियान – 2021 सबकी योजना सबका विकास के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डल के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिक पंचायतीराज विभाग की एक दिवसीय राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना काल में कार्य करने वाले ग्राम पंचायत विकास एवं सहायक विकास अधिकारी, पंचायत को एक क्लिक से पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से गढ़वाल मण्डल के 55 सहायक विकास अधिकारी, पंचायत एवं 455 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों प्रत्येक को 10–10 हजार रूपये की धनराशि कुल 510 कार्मिकों को



रू0 51 लाख की धनराशि त्वरित ट्रान्सफर की गयी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की जिला पंचायत अध्यक्षों का मानदेय 10 हजार रूपये से बढ़ाकर रू0 14 हजार कर दिया गया जायेगा। उपाध्यक्षों का मानदेय रू0 6000 से बढ़ाकर रू0 9800, उप प्रधान का रू0 500 से रू0 1000, जिला पंचायत सदस्य का रू0 1000 से बढ़ाकर रू0 1500 प्रति बैठक एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य रू0 500 से रू0 700 प्रति बैठक किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में जन प्रतिनिधियों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। सभी प्रधानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम खोलने की जो घोषणा की गई थी उसका शासनादेश हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के हर वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। रोजगार के साथ ही स्वरोजगार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जन समस्याओं का समाधान एक ही जगह पर हो इसके लिए लगातार कैंप लगाये जा रहे हैं। जनपदों में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं।

पंचायतीराज मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा की कोविड काल के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी जान की परवाह किये बगैर पंचायतों में जो कार्य किये वह सराहनीय है। पंचायतों में वर्तमान में सभी धनराशि ऑनलाइन आवंटित की जा रही है। पारदर्शिता के साथ कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में पंचायतीराज विभाग एवं अन्य रेखीय विभागों के विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला में आये हुए समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## न्यूज डायरी

### सपा के पदाधिकारियों ने मुलायम सिंह यादव की लम्बी उम्र की कामना की

**संवाददाता** देहरादून। समाजवादी पार्टी के सस्थांपक,पूर्व रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी के 82 वे जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने दून अस्पताल मे मरीजों को फल वितरीत कर मुलायम सिंह यादव की लम्बी उम्र की कामना की, और बीमारो ,असहाय लोगो, दबे, कुचले, लोगों की हमेशा मदद करने का प्रण किया, और समाज मे बराबरी लाने के लिये समाजवाद को जन–जन तक पहुचाने का निर्णय लिया। दून अस्पताल मे फल वितरण करने वालो मे समाजवादी नौजवान सभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, समाजवादी पार्टी देहरादून के पूर्व जिला अध्यक्ष गुलफाम अली, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित यादव, पूर्व जिला महासचिव आरिफ वारसी आदि काफी सख्या मे सपा कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

### किसानों को सशक्त बनाने के लिए उत्तराखंड की सहकारी पहल की सराहना

**संवाददाता** देहरादून। कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में किसान सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण आय बढ़ाने के उत्तराखंड मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा रही है और इसे सहकारी क्षेत्र में सफलता की कहानियों के रूप में देखा जा रहा है। डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, आईएएस, सचिव सहकारिता, उत्तराखंड ने हाल ही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मंथन सत्र (चिंतन शिविर) में राज्य की विभिन्न ग्रामीण सहकारी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। सत्र का आयोजन राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा गुड़गांव में किया गया था। यह गुड़गांव में एनसीडीसी के लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान और विकास अकादमी (लिनैक) में आयोजित किया गया था।

### उत्तराखंडी महाकुंभ में हजारों की संख्या में उमडा जनसैलाब

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी दिल्ली में आज दूसरे उत्तराखंडी महाकुंभ का सफल आयोजन रास विहार मैदान में हुआ, जहां हजारों की संख्या् में लोग एकत्रित हुए। मुख्य रूप से इसका आयोजन उत्तराखंड एकता मंच, उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच और भुम्याल विकास मंच ने किया। इस मौके पर उत्तराखंड की अलग अलग कला के रंग देखने को मिले। साथ ही इस वर्ष 12वीं व 10वीं में बेहतर अंक हासिल करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्तराखंड एकता मंच के संयोजक व संरक्षक डॉक्ट्रर विनोद बछेती ने सभी का हौसला बढाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये बच्चे हमारे उत्तराखंड के भविष्य हैं।

## पैरा योगासान स्पोर्ट्स में दिव्यांग बच्चों ने लूटी वाहवाही

**संवाददाता** टनकपुर। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से टनकपुर में सोमवार को पहली बार दो दिनी पैरा योगासन स्पोर्ध्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया। राज्य के 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 21 को अलग–अलग आयु वर्ग में फाइनल राउंड के लिए चुना गया।

नौ से 14 वर्ष आयु वर्ग में पारस आर्य, 14 से 18 में अंशुल चन्द, शिवेंद्र धौनी और गणेश पाल प्रथम रहे। 18 से 27 वर्ष में चंदन पागती एवं आदित्य गुरुरानी प्रथम रहे। छात्राओं की नौ से 14 वर्ष में ज्योति मलकानी और 14 से 18 आयु वर्ग में रवीना बोरा प्रथम रहीं। पैरा के डायरेक्टर डा. नवदीप जोशी ने बताया कि योगासन योग में जाने की पहली सीढ़ी है। इसके बाद ही व्यक्ति प्राणायाम व ध्यान के जरिये जीवन में उन्नति प्राप्त कर सकता है। स्वामी रामदेव एवं डा. एचआर नागेंद्र के सहयोग से एनवाईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित सेठ, महासचिव डा.जयदीप आर्य के दिशा–निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में पैरा के डायरेक्टर डा. नवदीप जोशी, असिस्टेंट डायरेक्टर डा. विक्रम सिंह, सचिव डा. सुंनुदा राठी, राम कुमार राठी, संयुक्त सचिव टेक्निकल हेमंत शर्मा मौजूद रहे।

**प्रदीप, मनीषा, विजय, शहनाज ने मारी बाजी**

लोहाघाट। छमनियां चौड़ स्थित राजकीय पालीटेक्निक में सोमवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्रधानाचार्य आर चंद्रा ने किया।



## जनपद स्तरीय घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को ए.पी. जे.अब्दुल कलाम बिल्डिंग सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री के द्वारा सिंचाई विभाग हेतु की गयी राज्य व जनपद स्तरीय घोषणाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में सिंचाई विभाग को तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को नवम्बर माह के अंत तक विभागीय घोषणाओं के शासनादेश करा लिये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव सिंचाई उमेश नारायण पाण्डेय, प्रमुख अभियन्ता सिंचाई मुकेश मोहन जे.एल. शर्मा सहित सी.एम. घोषणा सेल के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने दी चेतावनी, दो दिन में दूर करो पेयजल संकट वरना धरना

**संवाददाता** लोहाघाट। 18 अक्टूबर को अतिवृष्टि से ध्वस्त सलना पेयजल योजना की मरम्मत अभी तक नहीं हो पाई है। इससे गांव में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने लोहाघाट पहुंचकर एसडीएम केएन गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। दो दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति न होने पर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी।

ग्रामीणों ने कहा कि सलना–पम्दा पेयजल योजना की लाइन के क्षतिग्रस्त हुए एक माह से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन जल निगम अभी तक मरम्मत नहीं कर पाया है। इस बीच कई बार विभागीय अधिकारियों के समाने पेयजल संकट की समस्या का मामला उठाया गया है।

> *सलना–पम्दा पेयजल योजना के पाइपों की मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अगले दो दिन के भीतर आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।*
>
> – वीके पाल, ईई जन निगम, चम्पावत।

बताया कि गांव में एक मात्र नौला है, जिसका पानी भी कम पड़ रहा है। सुबह से शाम तक नौले में बारी का इंतजार करने के बाद भी दो से तीन बर्तन ही पानी मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गत 11 नवंबर को भी पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था लेकिन उसके बाद भी लाइन की मरम्मत नहीं हो पाई है। पानी न आने से मवेशियों की प्यास बुझाना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि दो दिन के भीतर पेयजल लाइन ठीक नही की गई तो ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर खाली बर्तनों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



इस दौरान महेश चंद्र जोशी, सतीश चंद्र जोशी, जगदीश चंद्र, ललित मोहन, इस दौरान महेश जोशी, हरीश चंद्र, जगदीश जोशी, ललित मोहन जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक्शन कैंसर अस्पताल ने उत्तराखंड में कैंसर के आंकड़ों पर जताई चिंता, किया जागरुक

**संवाददाता** हरिद्वार। कैंसर से रोगी पूरी तरह ठीक हो सकता है, और इसके अत्याधुनिक इलाज भी उपलब्ध हैं, लेकिन इसके बावजूद देश में कैंसर के आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। बीते कुछ वर्षों के एक अध्ययन में पाया गया था कि उत्तराखंड में कैंसर के केसेज राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा थे। इसके अलावा एक अन्य अध्ययन के अनुसार देश में साल 2025 तक कैंसर केसेज 12 फीसदी तक बढ़ जाने की आशंका है। जहां एक ओर देर से डायग्नोसिस करवाने की समस्या पहले से है वहीं जागरुकता की कमी, आर्थिक अक्षमता, कैंसर से जुड़ी सामाजिक वर्जनाएं भी चिंताजनक हैं। इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए, जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हाल ही में एक्शन कैंसर अस्पताल ने 20 नवम्बर, 2021 को हरिद्वार में एक इंटरैक्टिव साइंटिफिक सेशन का आयोजन किया। एक्शन एक्शन अस्पताल ने यह आयोजन रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल हरिद्वार के सहयोग से उनके परिसर में किया।